प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2019-20

विषय - हिन्दी 'अ' (कोड-002)

कक्षा - 10

निर्धारित समय - 3 घंटे **अधिकतम अंक - 80**

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंको के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

	खंड - क **(अपठित अंश)**	**10**
(1)	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** ज्ञान राशि के संचित कोष ही का नाम साहित्य है। सब तरह के भावों को प्रकट करने की योग्यता रखनेवाली और निर्दोष होने पर भी, यदि कोई भाषा अपना निज का साहित्य नहीं रखती तो वह, रूपवती भिखारिनी की तरह, कदापि आदरणीय नहीं हो सकती। उसकी शोभा, उसकी श्रीसम्पन्न्ता, उसकी मान - मर्यादा उसके साहित्य ही पर अवलंबित रहती है। जाति-विशेष के उत्कर्षापकर्ष का, उसके ऊँच-नीच भावों, उसके धार्मिक विचारों और सामाजिक संघटन का, उसके ऐतिहासिक घटनाचक्रों और राजनैतिक स्थितियों का प्रतिबिम्ब देखने को यदि कहीं मिल सकता है तो उसके ग्रन्थ-साहित्य ही में मिल सकता है। साहित्य में जो शक्ति छिपी है वह तोप, तलवार और बम के गोलों में भी नहीं पायी जाती, जो साहित्य मुर्दो को भी जिन्दा करनेवाली संजीवनी औषधि का आधार है, जो साहित्य पतितों को उठानेवाला और उत्थितों के मस्तक को उन्नत करने वाला है, उसके	10

	उत्पादन और संवर्धन की चेष्टा जो जाति नहीं करती, वह अज्ञानान्धकार के गर्त में पड़ी रहकर किसी दिन अपना अस्तित्व ही खो बैठती है। अतएव समर्थ होकर भी जो मनुष्य इतने महत्वशाली साहित्य की सेवा और अभिवृद्धि नहीं करता अथवा उससे अनुराग नहीं रखता, वह समाजद्रोही है, वह देशद्रोही है, वह जातिद्रोही है, वह आत्मद्रोही और आत्महंता भी है।	
(क)	साहित्य को संजीवनी औषधि का आधार क्यों कहा गया है ?	2
(ख)	साहित्य के प्रति अनुराग न रखनेवालों की तुलना किससे की गई है ?	2
(ग)	साहित्य को समाज का आईना क्यों कहा गया है ?	2
(घ)	जिस भाषा का अपना साहित्य नहीं होता उसकी स्थिति कैसी होती है ?	2
(ङ)	साहित्य के संवर्धन के लिए प्रयास नहीं करने पर समाज की क्या स्थिति होती है ?	1
(च)	उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।	1
	खंड - ख **(व्यावहारिक व्याकरण)**	16
(2)	**निर्देशानुसार उत्तर लिखिए**	1×4=4
(क)	कठोर होकर भी सहृदय बनो । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)	
(ख)	यद्यपि वह सेनानी नहीं था पर लोग उसे कैप्टन कहते थे । (सरल वाक्य में बदलिए)	
(ग)	बच्चे वैसे करते हैं <u>जैसे उन्हें सिखाया जाता है ।</u> (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)	
(घ)	सभी लोगों ने वह सुंदर दृश्य देखा। (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)	
(3)	**निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए**	1×4=4
(क)	अनेक पाठकों ने पुस्तक की सराहना की। (कर्मवाच्य में बदलिए)	
(ख)	पक्षी बाग छोड़कर नहीं उड़े । (भाववाच्य में बदलिए)	
(ग)	हर्षिता रोज अख़बार पढ़ती है। (कर्मवाच्य में बदलिए)	
(घ)	मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबंध लिखा गया । (कर्तृवाच्य में बदलिए)	

(4)	निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पदपरिचय लिखिए	1×4=4
(क)	आज भी भारत में अनेक <u>अभिमन्यु</u> हैं ।	
(ख)	प्रातःकाल घूमने जाया करो <u>ताकि</u> स्वास्थ्य ठीक रहे।	
(ग)	पिताजी कल ही तीर्थ यात्रा पर <u>गए</u> ।	
(घ)	अनुराग ने <u>काला</u> कोट पहना है ।	
(5)	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**	1×4=4
(क)	'हास्य रस' का एक उदाहरण लिखिए।	
(ख)	निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए- रे नृप बालक कालबस बोलत तोहि न सँभार । धनुही सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार ॥	
(ग)	'वीर' रस का स्थायी भाव क्या है ?	
(घ)	'रति' किस रस का स्थायी भाव है ?	
	खंड - ग **(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)**	34
(6)	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए और गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों- यह है खानदानी रईसों का तरीका ! नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए । हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा- यह है खानदानी तहज़ीब, नफ़ासत और नज़ाकत ! हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सूक्ष्म, नफ़ीस या एब्सट्रेक्ट तरीका जरूर कहा जा सकता है परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है ? नवाब साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'	6
(क)	नवाब साहब का खीरा खाने का ढंग किस तरह अलग था ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	2

(ख)	नवाब साहब खीरा खाने के अपने ढंग के माध्यम से क्या दिखाना चाहते थे ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	2
(ग)	नवाब साहब ने अपनी खीज मिटाने के लिए क्या किया है? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	2
(7)	निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए-	2×4=8
(क)	बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना क्या प्रदर्शित करता है ?	
(ख)	बालगोबिन भगत के संगीत को जादू क्यों कहा गया है ?	
(ग)	फ़ादर बुल्के की यातना भरी मृत्यु पर लेखक के मन में किस प्रकार के भाव उत्पन्न हुए और क्यों ?	
(घ)	'मन्नू भंडारी की माँ त्याग और धैर्य की पराकाष्ठा थी - फिर भी लेखिका के लिए आदर्श न बन सकी।' क्यों ?	
(ङ)	बिस्मिल्ला खाँ को कौन-कौन से सम्मान मिले ? उनकी पहचान किस रूप में बनी रहेगी ?	
(8)	**निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**	6
	मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती वह आवाज़ सुन्दर कमज़ोर काँपती हुई थी वह मुख्य गायक का छोटा भाई है या उसका शिष्य या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार मुख्य गायक की गरज़ में वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में खो चुका होता है या अपने ही सरगम को लाँघकर चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन	

	जब वह नौसिखिया था	
(क)	भटके हुए स्वर को संगतकार कब सँभालता है और मुख्य गायक पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	2
(ख)	कविता में किस संदर्भ में किसे नौसिखिया कहा गया है और क्यों ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	2
(ग)	संगतकार की भूमिका का महत्त्व कब सामने आता है ?	2
(9)	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -**	2×4=8
(क)	'बेटी अभी सयानी नहीं थी'- 'कन्यादान' कविता के आधार पर प्रस्तुत पंक्तियों में अभिव्यक्त माँ की चिंता का कारण लिखिए।	
(ख)	'फसल' कविता में 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' किसे कहा गया है ?	
(ग)	परशुराम ने धनुष तोड़ने वाले के विषय में पूछा तो श्रीराम ने 'धनुष मेरे द्वारा टूट गया है' सीधा उत्तर न देकर ऐसा क्यों कहा कि 'धनुष तोड़ने वाला आपका कोई दास होगा' ?	
(घ)	'सूरदास के पद' के आधार पर लिखिए कि उद्धव गोपियों की मनोदशा क्यों नहीं समझ सके ?	
(ङ)	'छाया मत छूना' कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि अतीत के सुखों की स्मृति में डूबे रहने से जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?	
(10)	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-**	3×2=6
(क)	गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है ?	
(ख)	'माता का अँचल' पाठ में ग्रामीण परिवेश का चित्रण किया गया है। आप ग्रामीण जीवन व शहरी जीवन में क्या अंतर पाते हैं ?	
(ग)	जार्ज पंचम की नाक लगने वाली खबर के दिन अखबार चुप क्यों थे ?	
	खंड - घ **(लेखन)**	20
(11)	**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए-**	10
(क)	परिश्रम और अभ्यास - सफलता की कुंजी • प्रस्तावना • परिश्रम का महत्त्व	

	• परिश्रम के अनुकरणीय उदाहरण • परिश्रम और अभ्यास से सफलता • उपसंहार	
(ख)	समाचार पत्र के नियमित पठन का महत्व • प्रस्तावना • ज्ञान का भंडार • पढ़ने की स्वस्थ आदत का विकास • जागरूकता • उपसंहार	
(ग)	युवा वर्ग का विदेशों के प्रति बढ़ता मोह • प्रस्तावना • विदेशों के प्रति बढ़ता आकर्षण • आर्थिक सम्पन्नता • बेहतर जीवन शैली • उपसंहार	
(12)	अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़कों की समुचित सफाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए ।	5
	अथवा	
	आपकी कक्षा में एक नए अध्यापक पढ़ाने आए हैं जो कि बहुत अच्छा पढ़ाते हैं । उनके विषय में परिचयात्मक सूचना देते हुए अपने मित्र को लगभग 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।	
(13)	'शिक्षा का अधिकार' के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में इस अधिकार का लाभ उठाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।	5
	अथवा	
	'भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम' (आई.आर.सी.टी.सी.) की ओर से यात्रियों को भारत दर्शन यात्रा के लिए आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।	